भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2267

उत्तर देने की तारीख : 2 दिसम्बर, 2019

मध्य प्रदेश में विज्ञान नगरों की स्थापना

2267. श्री कृष्ण पाल सिंह यादव :
श्री पशुपति नाथ सिंह :
श्रीमती अन्नपुर्णा देवी :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश और झारखंड में विज्ञान नगरों की स्थापना की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का मध्य प्रदेश और झारखंड के प्रत्येक जिले में विज्ञान शहर स्थापित करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) और (ख) : जी, नहीं। तथापि, भोपाल, मध्य प्रदेश और रांची, झारखंड में क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्रों की स्थापना की गई है।

(ग), (घ) और (ड.) : जी, नहीं। मध्य प्रदेश और झारखंड में विज्ञान शहरों की स्थापना के लिए राज्य सरकारों से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि, मध्य प्रदेश के जबलपुर और उज्जैन में विज्ञान केन्द्र स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है।